SUBJECT : GEOGRAPHY

CLASS : B. A. Part Ist (Hons.), PAPER : IInd, UNIT : IIIrd

TOPIC : CHINA – INDUSTRIAL REGIONS

BY :– Dr. Sanjay Kumar, Assistant Professor, Dept. of Geo.
D. B. College, Jaynagar, Madhubani, L.N.M.U. Darbhanga
(Email – sanjaykumar.phd@gmail.com)

LECTURE No. - 37

1949 में साम्यवादी सरकार की स्थापना के बाद चीन में औद्योगिक विकास अवश्य प्रारम्भ हुआ है। चीन में मिलने वाली अधिकांश उद्योग - धन्धे तीन क्षेत्रों में मिलते हैं जो निम्न है :—

⇒ ① **शंघाई - वुहान औद्योगिक प्रदेश —** यह औद्योगिक प्रदेश चीन के पूर्वी तटीय भाग के निकटवर्ती क्षेत्र में अथवा यांगटिसीक्यांग के डेल्टा तथा घाटी में फैला हुआ है। इस प्रदेश में सूती वस्त्र व्यवसाय, लोहा एवं इस्पात व्यवसाय, मशीन निर्माण, इंजीनियरिंग उद्योग, सीमेण्ट, रासायनिक तथा जलयान निर्माण उद्योग अधिक विकसित हो गये हैं। इस प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक केन्द्र शंघाई, वुहान, नानचांग, सियांगटान, इत्यादि हैं। शंघाई सूती वस्त्र व्यवसाय का विश्व-प्रसिद्ध केन्द्र है। इस नगर को चीन का मैनचेस्टर कहते हैं। इस औद्योगिक प्रदेश से चीन के कुल औद्योगिक उत्पादन का 28% भाग प्राप्त होता है।

⇒ ② **उत्तरी- पूर्वी औद्योगिक प्रदेश —** यह प्रदेश चीन के उत्तरी-पूर्वी तट के निकट दक्षिण मंचूरिया में फैला हुआ है। यह

Scanned with CamScanner

प्रदेश चीन के कुल औद्योगिक उत्पादन का लगभग 38% भाग उत्पन्न करता है। यहाँ पर लोहा व इस्पात बनाने का व्यवसाय जापानियों द्वारा आनशान में सबसे पहले विकसित किया गया था। इस प्रदेश में मशीन उद्योग, जलयान, वायुयान, रेल के इन्जन निर्माण व्यवसाय का अधिक विकास हुआ है। कागज तथा रसायनिक खाद्य व्यवसाय भी यहाँ विकसित हो गया है। इस प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक केन्द्र आनशान, तेलियन, हार्बिन, शेनयान, कियामुजे, फुलारकी, लुटा, पेनकी, चांगचुन, इत्यादि हैं। आनशान यहाँ का सबसे बड़ा केन्द्र है। लिआओयांग वस्त्र उद्योग का प्रमुख केन्द्र है। इस औद्योगिक प्रदेश के विकास का कारण यहाँ की भौगोलिक स्थिति है।

⇒ ③ **पीकिंग - टिंटसिन औद्योगिक प्रदेश** — यह औद्योगिक प्रदेश चीन की ह्वांगहो नदी के डेल्टा प्रदेश में फैला हुआ है। इस प्रदेश में लोहा और इस्पात, कृषि यन्त्र, सीमेण्ट, इन्जीनियरिंग, कागज तथा सूती वस्त्र उद्योग विकसित हो गये हैं। इस प्रदेश के मुख्य औद्योगिक केन्द्र पीकिंग, टिंटसिन, ताइयुयान, सिंगताओ, सिनान, चैंगचाऊ, इत्यादि हैं। यह औद्योगिक प्रदेश चीन के कुल औद्योगिक उत्पादन का लगभग 22% उत्पन्न करता है।

— x — x — x —

Scanned with CamScanner